# निष्पक्ष पत्रकारिता देती है समाज को नई दिशा

## नवभारत का 70 वां स्थापना दिवस समारोह




*नवभारत के 70वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत, कांग्रेस जिला अध्यक्ष नवीन साहू, पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव, कांग्रेस नेत्री किरण अहिरवार, भूमि विकास बैंक के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, भाजपा नेता मनोज देवलिया, रमन परस्तोर, कृषि महाविद्यालय डीन डीएस तोमर, नवभारत के संपादक दिलीप झा, मार्केटिंग के महाप्रबंधक प्रकाश व्यास मंचासीन रहें.*

**टीकमगढ़,08 फरवरी. निष्पक्ष पत्रकारिता ही समाज को नई दिशा देती है. युवा पत्रकार आमिर भाई ने निष्पक्ष पत्रकारिता की दम पर ही जहां नव भारत को जिले में ऊंचाईयां प्रदान की हैं, वहीं खुद को एक निष्पक्ष पत्रकार के रूप में पहचान दिलाई है. कार्यक्रम में शहर के सभी दलों के जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों के अलावा पत्रकारों की मौजूदगी यह बताती है कि न्याय और सत्य की आवाज बुलंद करने वाले का सभी सम्मान करते हैं.**

यह विचार भूमि विकास बैंक के पूर्व अध्यक्ष एवं बीजेपी के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र तिवारी ने व्यक्त किए. स्थानीय कृषि विज्ञान केन्द्र के आडीटोरियम में नव भारत समाचार पत्र का 70 वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया. इस मौके पर समाजसेवियों एवं पत्रकारों का सम्मान किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि आमिर भाई और नवभारत दिनों दिन तरक्की करे, ऐसी हमारी कामना है. निष्पक्ष कलम चलाते हुए गरीबों की आवाज बनें. इसके साथ ही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व चेयरमैन कॉपरेटिव बैंक विवेक चतुर्वेदी ने कहा कि नवभारत का आजादी से लेकर अब तक समाज एवं देश को दिशा देने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है. नगर में नवभारत की निष्पक्ष आवाज एवं देश की सच्चाई को उजागर करने में खास भूमिका रही है. उन्होंने इस अवसर पर पत्रकार आमिर खान की भी सराहना की, जिन्होंने नवभारत को लोगों के बीच पहचान दिलाने का सराहनीय कार्य किया है. पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव ने कहा कि अन्याय सहने वाला भी दोषी है, वह किसी के द्वारा किया गया हो. बीते दिनों हुई एक घटना के बारे में कहते हुए उन्होंने कहा कि वह आरोपियों के कृत्यों का समर्थन नहीं करते, लेकिन उसके बाद जो दूसरे पक्ष द्वारा किया गया है, वह भी कोई उचित नहीं कहेगा. कानून अपने हाथों में लेना भी गलत है. इस मामले में मीडिया की भूमिका पर भी उन्होंने सवाल उठाए और कहा कि कलमकारों को कारण कुछ भी रहा हो, लेकिन सच्चाई को सामने लाना चाहिए था. इस अवसर पर उन्होंने पत्रकारिता को जोखिम भरा बताते हुए कहा कि सत्य और ईमानदारी के रास्ते पर चलना आसान नहीं है, लेकिन जिले में कई पत्रकार आज भी सत्यता को उजागर करने में पीछे नहीं हैं. इस अवसर पर बीजेपी नेता एवं पूर्व महामंत्री मनोज देवलिया ने भी पत्रकारिता एवं नवभारत की भूमिका को लेकर अपने महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए. उन्होंने कहा कि समाचार पत्र की विश्वसनीयता आज भी बरकरार है. लोग समाचार पत्र में प्रकाशित खबर पर आसानी से भरोसा कर लेते हैं. इसके साथ ही बीजेपी जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत ने कहा कि उनकी स्थिति आखरी में आने के कारण उस बल्लेबाज की तरह हो गई है, जिसे रन बनाने का अवसर ही नहीं मिला और टीम जीत गई. सभी ने पत्रकारिता और स्थानीय मुद्दों पर काफी कुछ बोल दिया है. अब चौका-छक्का लगाने की गुंजाइश नहीं रही. उन्होंने अपने संबोधन के दौरान जिले के सभी पत्रकारों को बधाइयां देने के साथ ही नवभारत द्वारा किए गए आयोजन पर अपनी बधाइयां एवं शुभकामनाएं दीं.

कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष नवीन साहू, रामजी नायक, अनुराग वर्मा, रमन परस्तोर, किरण अहिरवार, डीएस तोमर, अंशुल व्यास सहित अनेक वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए. कार्यक्रम का संचालन संकल्प जैन एवं आभार व्यक्त समाचार पत्र के संपादक दिलीप झा ने किया. कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों एंव समाजसेवियों का अथितियों के साथ ही संपादक दिलीप झा एवं महाप्रबंधक प्रकाश व्यास ने सम्मान किया. कार्यक्रम के दौरान बीजेपी महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष विभा श्रीवास्तव, अंशुल खरे ठेकेदार, पुष्पेन्द्र जैन केशवगढ़, विकास यादव, सुनील हौंडा, अरविंद श्रीवास्तव, मनीराम कढ़ेल, शफी मुहम्मद, सुरेश दौदेरिया, जितेन्द्र जैन क्रांतिकारी, केप्टल टेलर सहित अनेक समाजसेवी एवं पत्रकार आदि मौजूद रहे.

## माजन मोड़ के पास युवक की बेरहमी से पिटाई,वीडियो वायरल

### पुलिस सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों की पहचान में जुटी



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 8 फरवरी। जिले के बैढ़न स्थित माजन मोड़ चौराहे पर शनिवार की रात एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट की घटना सामने आई है। हैरानी की बात यह है कि यह स्थान पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बेहद नजदीक है, इसके बावजूद असामाजिक तत्वों में कानून का कोई खौफनजर नहीं आया।**

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया है। हालाकि वायरल विडियो की पुष्टि नवभारत नही करता है। जानकारी के अनुसार, युवक द्वारा वाहन खड़ा करने को लेकर कुछ लोगों से कहासुनी हो गई। मामूली धक्का लगने की बात पर विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने युवक को चारों ओर से घेरकर पीटना शुरू कर दिया। हमलावरों ने उसे लात-घूंसे और हाथों से बेरहमी से पीटा। युवक किसी तरह अपनी जान बचाकर मौके से वाहन छोड़कर भागने में सफल रहा। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि खुले चौराहे पर युवक के साथ मारपीट की जा रही है। घटना स्थल के सामने पुलिस का सीसीटीवी कैमरा भी लगा हुआ है। नवानगर थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल पटेल ने बताया कि विडियो के बारे में मुझे जानकारी मिली है और माजन तक गया भी था लेकिन अभी तक कोई शिकायत पत्र नही मिला है। शिकायत मिलने पर जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## एनटीपीसी में साथ कार्यरत सहकर्मी पर लगा धर्म परिवर्तन का आरोप

### पुलिस ने धारा 3 और 5 के तहत एफआईआर दर्ज कर शुरू की वैधानिक कार्रवाई

धर्म परिवर्तन के प्रयास के आरोप में मामला दर्ज, आरोपी अभिरक्षा में

नवभारत न्यूज़

**सिंगरौली 8 फरवरी। विंध्यनगर थाना क्षेत्र में धर्म परिवर्तन कराने के प्रयास के आरोप में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कर उसे अभिरक्षा में ले लिया है।**

नगर पुलिस अधीक्षक विंध्यनगर उमेश प्रजापति ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि फरियादी की शिकायत के आधार पर आरोपी के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

पुलिस के अनुसार फरियादी शशि प्रकाश सिंह, पिता राजनाथ सिंह, उम्र 55 वर्ष, निवासी ग्राम बघेजी थाना फेफरा जिला बलिया (उत्तर प्रदेश) एवं वर्तमान में एनटीपीसी विंध्यनगर में लोको सहायक के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने थाना विंध्यनगर में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके सहकर्मी लोको पायलट मुमताज अहमद द्वारा उन्हें प्रलोभन देकर हिन्दू धर्म से मुस्लिम धर्म अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा था। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच प्रारंभ की।

नगर पुलिस अधीक्षक उमेश प्रजापति ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला म.प्र. धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 की धारा 3 एवं 5 के अंतर्गत अपराध पाया गया, जिसके आधार पर आरोपी के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कर उसे अभिरक्षा में लिया गया है। वर्तमान में आरोपी से पूछताछ की जा रही है तथा मामले की विस्तृत विवेचना जारी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में सभी तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच की जाएगी तथा जांच के निष्कर्ष के अनुसार आगे की वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस ने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था एवं धार्मिक स्वतंत्रता से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया



## संजय टाइगर रिजर्व में पर्यटकों की जिप्सी के आगे सड़क पर बैठा बाघ

मॉर्निंग सफारी के दौरान पर्यटकों ने कैमरे में कैद किया दुर्लभ नजारा

नवभारत न्यूज

**सीधी 8 फरवरी, जिले के संजय टाइगर रिजर्व में रविवार सुबह मॉर्निंग सफारी के दौरान एक बाघ सड़क के बीचो-बीच बैठा दिखा। इससे पर्यटकों की जिप्सी कुछ देर के लिए रुक गई। बाघ काफी देर तक वहीं बैठा रहा, जिसके कारण जिप्सियों को पीछे हटकर वैकल्पिक मार्ग से जाना पड़ा।**

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाघ सूखी झाड़ियों से निकलकर अचानक सड़क पर आया और आराम से बैठ गया। पर्यटकों ने सुरक्षित दूरी बनाए रखते हुए इस दृश्य को अपने कैमरों में कैद किया। यह नजारा वन्यजीव प्रेमियों के लिए यादगार रहा। मौके पर मौजूद पर्यटक राजाराम ने बताया कि यह अनुभव रविवार सुबह करीब 7 बजे हुआ। उन्होंने कहा कि संजय टाइगर रिजर्व में बाघों को इतने करीब से देखना सौभाग्य की बात है। यहां की हरियाली और वन्यजीवों की सहज मौजूदगी पर्यटकों को आकर्षित करती है।

### इनका कहना है

यहां के बाघ पर्यटकों की मौजूदगी के आदी हो चुके हैं और शांत स्वभाव के हैं। वे अक्सर जिप्सियों के पास से गुजरते हैं और हमला नहीं करते। उन्होंने पर्यटकों से सतर्कता बरतने, छेड़छाड़ न करने, शोर न मचाने और चुपचाप बाघों को देखकर आगे बढ़ने की अपील की, ताकि बाघों और पर्यटकों दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

**राजेश कन्ना टी,**
**डीएफओ संजय टाईगर रिजर्व सीधी**

## मुख्यमंत्री रीवा एयरपोर्ट से भोपाल रवाना हुए



नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 फरवरी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सतना जिले के प्रवास के उपरांत हेलीकाप्टर द्वारा रीवा एयरपोर्ट पहुंचे.**

तदुपरांत वायुयान द्वारा भोपाल रवाना हो गये. मुख्यमंत्री के साथ उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल भी भोपाल रवाना हुये. रीवा एयरपोर्ट में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह सहित जनप्रतिनिधिगण व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे.

## गुण वत्ता विहीन डॉ भीमराव अंबेडकर शिविल अस्पताल सिरमौर के लैब का हो रहा हैं निर्माण

नवभारत न्यूज

**सिरमौर 8 फरवरी, डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर शिविल अस्पताल सिरमौर के लैब का निर्माण ठेकेदार बिपिन पयासी के द्वारा गुणवत्ता विहीन एवं घटिया सामग्री के द्वारा कराया जा रहा हैं.**



जब मीडिया की टीम जाकर देखा और वहाँ पर निर्माण कर रहे मिस्त्री से पूछा गया की आप बताइये की अच्छा से अच्छा रेसियों मे क्यामसाला एवं सामग्री का उप योग किया जाता हैं तब मिस्त्री के द्वारा. बताया गया. तो मीडिया ने कहा की फिर यंहा पर घटिया एवं गुणवत्ता विहीन सामग्री का उपयोग भवन के निर्माण मे क्यों जा रहा हैंएवं भवन का निर्माण आधा होगया लेकिन इसका टैंक कहा पर हैं तब मिस्त्री का कहना हुआ की टैंक अभी नहीं बनाया जा रहा. हैं क्या करे साहब जो ठेकेदार कहते हैं वही कर रहा हूं एवं जो सामग्री देते हैं उसी प्रकार का निर्माण किया जा रहा हैं फिर उसी समय घटिया पिलर को तत्काल गिराने लगे और बोले की सही निर्माण होगा क्षेत्र की जनता ने शासन एवं प्रशासन से मीडिया के माध्यम से इस प्रकार के घटिया निर्माण एवं गुणवत्ता विहीन कार्य कराये जाने की जाँच किये जाने की मांग करते हुए सही सामग्री एवं गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराया जाय एवं शासन के नियमों को दर किनार मे करके शासन के राशि का दुरूपयोग करने वाले ठेकेदार के प्रति कार्यवाही किये जाने की मांग किये हैं

**एस डी एम दृष्टि जायसवाल का कथन-** मुझे मीडिया के द्वारा गुणवत्ता विहीन निर्माण की बात संज्ञान मे आई. हैं मै निर्माण एजेंसी का पता कर जाँच की जावेगी एवं गलत पाए जाने पर सम्बंधित एजेंसी एवं ठेकेदार पर कार्यवाही की जाएगी.

## अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से प्रशिक्षित तीरंदाजों का शानदार प्रदर्शन

दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी समुदाय के बच्चों ने रजत पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 8 फरवरी। मध्य प्रदेश के विभिन्न स्तरों ब्लॉक, जिला, संभाग, राज्य पर 11 से 31 जनवरी तक आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 में जिले के विक्रम सिंह, रोहित गुप्ता एवं सूर्यबली सिंह ने अलग-अलग स्पर्धाओं में रजत पदक जीतकर अपने स्कूल, परिवार,गांव और जिले का नाम रोशन किया है।**

अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से खनुआ गांव स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल में संचालित स्पोर्ट्स अकादमी में अनुभवी कोचों के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास के बल पर इन बच्चों ने जबलपुर स्थित रानीताल में आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिताओं में रजत पदक जीतकर राज्य स्तर पर अपनी उपलब्धियां दर्ज कराई हैं। सभी विजेता खिलाड़ियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, प्रशिक्षकों और अदाणी फाउंडेशन स्पोर्ट्स अकादमी को दिया। बच्चों और उनके अभिभावकों का कहना है कि यदि अदाणी फाउंडेशन की सीएसआर टीम ने यह पहल न की होतीए तो शायद वे इस मुकाम तक नहीं पहुँच पाते। सीएसआर के तहत वर्ष 2023-24 में बंधौरा स्थित पावर प्लांट तथा धिरौली और सुलियरी स्थित परियोजनाओं के आसपास के गांवों के इच्छुक बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अदाणी फाउंडेशन स्पोर्ट्स अकादमी की शुरुआत हायर सेकेंडरी स्कूल खनुआ परिसर से की गई। खो-खो, कबड्डी, तीरंदाजी, ऊंची कूद और वॉलीबॉल जैसे खेलों में स्थानीय आदिवासी समुदाय एवं आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कुशल एवं अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा उन्हें नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि उनके सपनों को नई उड़ान मिल सके। उल्लेखनीय है कि अदाणी फाउंडेशन द्वारा संचालित इस अकादमी के माध्यम से अब तक कुल 122 स्कूली छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है।

## 41 दिव्यांग हितग्राहियों को मिला मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल

**सिंगरौली 8 फरवरी।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली द्वारा संचालित जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र सिंगरौली एवं सीआरसी छतरपुर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित पर्पल फेयर ने यह स्पष्ट कर दिया कि दिव्यांगता कोई कमजोरी नहीं बल्कि साहस, संकल्प और असाधारण प्रतिभा की पहचान है। यह आयोजन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं रहा बल्कि समाज की जड़ हो चुकी सोच को तोड़ने वाला सशक्त और प्रेरक संदेश बनकर सामने आया। कार्यक्रम जिला प्रशासन के सहयोग से अटल सामुदायिक भवन बिलौंजी वैढन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित प्रदर्शनी के अवलोकन, दीप प्रज्ज्वलन तथा सरस्वती वंदना के साथ हुई।

## अभियोजन ने किया एक दिवसीय विधिक कार्यशाला का आयोजन

नवभारत न्यूज़

**सिंगरौली 8 फरवरी। लोक अभियोजन मध्यप्रदेश के संचालक बी.एल. प्रजापति के तत्वाधान में जिला अभियोजन संचालनालय सिंगरौली द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम बैढन में आयोजित एक दिवसीय विधिक दक्षता एवं ज्ञान संवधन कार्यशाला में अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम एवं एनडीपीएस एक्ट की बारीकियों को विस्तार से समस्त सहायक जिला अभियोजन अधिकारियों एवं जिले के सभी थाना प्रभारियों एवं विवेचना अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया ।**




कार्यशाला के मुख्य अतिथि बतौर विशेष न्यायाधीश खालिद मोहतरम अहमद (एट्रोसिटी एक्ट) ने जिले के सभी थाना प्रभारियों एवं विवेचना अधिकारियों को अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के बारे में विस्तार से व्याख्यान दिया गया । आगे उन्होने पुलिस कार्य को न्यायिक कार्य से जोडते हुये पुलिस के कार्यो की सराहना की। श्री मोहतरम ने पुलिस के कर्तव्यो को न्याय दान के लिए एक पुनीत कर्तव्य बताया और समर्पण भाव पर बल दिया । वहीं जिले के पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री द्वारा बताया गया कि जब उनकी पदस्थापना इस जिले में हुई थी तब इस जिले में पेडिंग केस 41 प्रतिशत रहा जो अब अभियोजन और पुलिस की मदद से लगातार घटता जा रहा है । वहीं उनके द्वारा बताया गया कि सी एम हेल्पलाइन में लगातार प्रदेश में पांचवी बार प्रथम रेंक पर हमारा जिला सिंगरौली रहा । ज्ञात हो कि भारत सरकार की मंशानुसार सभी जिलों को नशामुक्त अभियान के तहत कार्य करने के लिये अभियान चलाया जा रहा है जिसमें सभी अभियोजन अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को इस अभियान में कार्य करने की जरूरत है ।

**एनडीपीएस एक्ट के बारे में कराया गया अवगत-** विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित उमेश सोनी, विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस) द्वारा सभी विवेचनना अधिकारियों को बारीकी से एनडीपीएस एक्ट की महत्वपूर्ण धाराओं के बारे में बताया गया । आगे उन्होने बताया कि ई फाइल के माध्यम से न्यायालय में अभियोग पत्र डिजिटल रूप से प्रस्तुत करना प्रारंभ हो गया है । ई फाइल के माध्यम से चालान पेश करने की प्रकिया के बारे में बताया गया और ई फाइल के माध्यम से चालान पेश करने हेतु कहा गया आगे उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस की कर्मठता और तैनाती से सभी लोग चैन की नींद सोते हैं । ज्ञात हो कि विशाल रिछारिया न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा बताया गया कि समंस वारंट की तामीली कैसे की जाती है । न्यायालय में चालान पेश करने की निर्धारित अवधि के बारे में भी विस्तार से बताया गया । साथ ही न्यायालय में गवाहों की प्रतिपरीक्षण और पुन- परीक्षण कब कब किया जाना है इसके बारे में भी व्याख्यान दिया गया । इसी क्रम में जिला अभियोजन संचालनालय सिंगरौली के मुखिया संजीव कुमार सिंह, प्रभारी सहायक निदेशक के कुशल मार्गदर्शन में इस विधिक कार्यशाला का आयोजन किया गया है। आयोजन की निगरानी सूबेदार आशीष तिवारी, उपनिरीक द्वारा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी थाना प्रभारियों एवं विवेचकों को प्रशिक्षण उपरांत प्रमाण पत्र का वितरण किया गया । कार्यशाला का संचालन रामानन्दधर द्विवेदी द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन किया गया । कार्यशाला में उपस्थित गौरव पाण्डेय एसडीओपी, उमेश प्रजापति सीएसपी, राहुल सैयाम एसडीओपी, अर्चना द्विवेदी, आराधना सिंह, सहित अन्य उपस्थित रहे ।

## इंजीनियर ने दहेज के लौटाए 51 लाख रुपए

**भिण्ड.** जिले में एक शादी समारोह उस समय सामाजिक मिसाल बन गया, जब इंजीनियर आकर्ष पाठक और उनके परिवार ने विवाह के दौरान दहेज में मिली 51 लाख रुपये की राशि सम्मानपूर्वक लौटाकर दहेज प्रथा के खिलाफ सशक्त संदेश दिया. शादी के मंडप में जब यह राशि लौटाई गई तो कुछ क्षणों के लिए लोग स्तब्ध रह गए, इसके बाद तालियों की गूंज ने पूरे माहौल को भावुक कर दिया. पाठक परिवार ने यह कदम उठाकर स्पष्ट किया कि उनके लिए विवाह कोई लेन-देन नहीं, बल्कि दो परिवारों और संस्कारों का पवित्र मिलन है. दहेज की पूरी राशि लौटाते हुए परिवार ने प्रतीक स्वरूप केवल एक रुपया और एक नारियल स्वीकार किया.

## जयंत तिराहा पर खाईनुमा गड्ढा, हर पल हादसे का खतरा

### एनसीएल प्रबंधन की लापरवाही, मोटरसाइकिल चालकों के लिए बना जाल

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 8 फरवरी। एनसीएल जयंत क्षेत्र के मुख्य जयंत तिराहा पर सड़क के बीचों-बीच बना खाईनुमा गड्ढा दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहा है। यह गड्ढा कई दिनों से मौजूद है लेकिन एनसीएल प्रबंधन जयंत द्वारा अब तक इसकी मरम्मत नहीं कराई गई है। इससे रोजाना गुजरने वाले वाहन चालकों, विशेषकर मोटरसाइकिल सवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।**



स्थानीय वाहन चालकों ने बताया कि जयंत तिराहा क्षेत्र काफी व्यस्त मार्ग है,जहां से प्रतिदिन सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। गड्ढा गहरा और चौड़ा होने के कारण अचानक सामने आने पर वाहन चालकों का संतुलन बिगड़ सकता है,जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। रात के समय यह खतरा और बढ़ जाता है, क्योंकि गड्ढा स्पष्ट दिखाई नहीं देता।

इस समस्या को लेकर वाहन चालकों और स्थानीय लोगों ने एनसीएल जयंत के महाप्रबंधक का ध्यान आकृष्ट कर जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि समय रहते गड्ढे की मरम्मत नहीं कराई गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित प्रबंधन की होगी।


## कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रीवा परिक्षेत्र रीवा (म0प्र0)

website:www.mppwd.gov.in Email:-cepwdrewa@mp.nic.in, phone no. 07662-255200, Fax: 255380

### निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्र. 13/सा./ 2025-26 — रीवा दिनांक 03.02.2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर आई.डी. क्रमांक | संभाग का नाम | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | कार्य की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानत राशि (रूपये मे) | निविदा फार्म (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2026_PWDRB_478221_1 | सिंगरौली | उपसंभाग चितरंगी अंतर्गत मुख्य जिला मार्ग एम.डी.आर.-12-02 चितरंगी से चितावल, तमई, झरकटा, बरवाडीह, (घोरावल) यू.पी. बार्डर मार्ग लं. 45.20 कि.मी. का निर्माण कार्य यूटीलिटी शिफ्टिंग कार्य सहित | प्रथम | 24 माह वर्षाकाल सहित | 10707.56 | 5000000/- | 50000/- |
| 2 | 2026_PWDRB_479819_1 | सतना | उपसंभाग मझगवां अन्तर्गत पिण्ड्रा बरौंधा खोही भियामऊ म0प्र0 सीमा तक (मु.जि.मा.) लं. 35.40 कि.मी. का निर्माण कार्य। | प्रथम | 18 माह वर्षाकाल सहित | 8773.78 | 4386900/- | 50000/- |
| | | | | | Total: | 19481.34 | | |

उपरोक्त बेवसाईट आनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेन्ट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा आनलाईन बिड सबमिशन की प्रारंभिक तिथि दिनांक 09.02.2026 से अंतिम तिथि 06.03.2026 सायं 18.00 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट में किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

G-25560/25

मुख्य अभियंता
लो0नि0वि0 रीवा परिक्षेत्र रीवा